NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/76/21 Date :12.2.2021

श्रीमान महाप्रबंधक (कार्मिक)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– डीजल लोको शेड, ग्वालियर (नैरोगेज) में कार्यरत सुपरवाइजर एवं स्टाफ को ग्वालियर स्थित अन्य विभागो, अनुभागो व कार्यालयों में समायोजित किया जाना।

महोदय,

मुख्यालय के पत्र संख्या CE/C/Central/PH-14/GWL-SEO/071 दिनांक 22.10.2020 एवं उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) ग्वालियर के पत्र संख्या Dy/CE/C/GWL-SEO (GC) दिनांक 23.12.2020 से स्पष्ट है कि महाप्रबंधक के अनुमोदन से ग्वालियर–श्योपुर नैरोगेज ट्रेन सेवा बंद किया जा रहा है जिससे डीजल लोको शेड, ग्वालियर में कार्यरत कर्मचारी सरप्लस हो जायेगें।

यह भी अवगत कराना है कि ग्वालियर डीजल लोको शेड में एस.एस.ई, टेक्नीशियन, हेल्पर, मशीन मैन आदि कोटियों के कर्मचारी वर्तमान में कार्यरत है व इनमें से कई कर्मचारी स्वयं के अनुरोध पर अन्य स्थानो से स्थानान्तरण कराकर डीजल लोको शेड ग्वालियर में आये है। इसके अतिरिक्त डीजल लोको शेड, ग्वालियर के अधिकांश कर्मचारियों का निजी आवास ग्वालियर में ही है व उनके बच्चे अध्ययनरत है एवं वृद्ध माता–पिता का इलाज भी ग्वालियर में ही हो रहा है।

इन सभी परिस्थितियों में शेड के बंद होने व अन्यत्र स्थानान्तरण होने के भय से शेड के कर्मचारी अत्यधिक मानसिक तनाव में है।

उपरोक्त स्थिति में NCRES ने आपसे माह जनवरी, 2021 व दिनांक 8.2.2021 को मिलकर कर्मचारियों की परेशानी के बारे में बताया और अनुरोध किया कि डीजल लोको शेड, ग्वालियर के सरप्लस कर्मचारियों को रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली के रिक्त पदो व ग्वालियर में ही समाहित किया जाय।

NCRES का पुनः अनुरोध है कि डीजल लोको शेड, ग्वालियर के सरप्लस कर्मचारियों को रेल स्प्रिंग कारखाना, ग्वालियर व ग्वालियर के कैरेज एण्ड वैगन विभाग, ट्रवल शूटिंग प्वाइन्ट टी.आर. एस., कैमटेक महराजपुर विभाग, इलेक्ट्रिकल मेंटेनेन्स विभाग, सिगनल एण्ड टेलीकाम विभाग, ट्रेन लाइटिंग विभाग में योग्यता एवं आवश्यकतानुसार समायोजित करने हेतु दिशा–निर्देश जारी करने की कृपा करे जिससे कर्मचारी ग्वालियर में ही समायोजित हो सके व परिवार की देखभाल के साथ–साथ सुचारू रूप से रेल की सेवा करने में समर्थ हो सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री